समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 08 September 2026

# रोहित शर्मा ने संन्यास की अटकलों पर लगाया विराम, बोले- "मेरा काम देश के लिए खेलना है, बाकी बाते मुंझे प्रभावित नहीं करती"

Sanket Morankar
Published on 20 Jul 2026




भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी सलामी बल्लेबाज **रोहित शर्मा** ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की चल रही अटकलों पर आखिरकार अपनी चुप्पी तोड़ दी है। इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान शानदार शतक जड़ने के बाद उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि उनका पूरा ध्यान केवल भारतीय टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर है और बाहरी चर्चाओं का उन पर कोई असर नहीं पड़ता।

हाल के दिनों में कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे वनडे के बाद रोहित शर्मा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह सकते हैं। हालांकि अब स्वयं रोहित शर्मा ने इन खबरों को पूरी तरह निराधार बताते हुए स्पष्ट कर दिया है कि फिलहाल उनका ध्यान केवल भारतीय टीम के लिए खेलना और योगदान देना है।

रोहित शर्मा ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) को दिए एक इंटरव्यू में कहा कि उनका काम बल्ले से प्रदर्शन करना और देश का प्रतिनिधित्व करना है। उन्होंने कहा कि जब से उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया है, तब से उनके आसपास चर्चाएं और आलोचनाएं होती रही हैं और जब तक वे खेलेंगे, यह सिलसिला चलता रहेगा।

उन्होंने कहा, "**मेरा काम बल्ले से प्रदर्शन करना है, मैदान पर उतरकर अपने देश का प्रतिनिधित्व करना है। मुझे मेरे पदार्पण के समय यही जिम्मेदारी दी गई थी और मै आंज भी उसी जिम्मेदारी को निभा रहा हूं। जब तक मै खेलूंगा, चर्चाएं होती रहेगी। मुझे इन बातों से कोई फर्क नहीं पड़ता। मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण यह है कि मै मैदान पर टीम की सफलता मे कितना योगदान दे पा रहा हूं।**"

रोहित शर्मा ने आगे कहा कि यदि खिलाड़ियों को लेकर कोई चर्चा ही न हो तो खेल का रोमांच भी कम हो जाएगा। उन्होंने कहा कि मैदान के बाहर लोग अपनी राय रखते हैं, जबकि खिलाड़ियों का काम मैदान के भीतर प्रदर्शन करना होता है।

इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और निर्णायक वनडे मुकाबले में रोहित शर्मा ने शानदार वापसी करते हुए **110 गेंदों पर 138 रन** की शानदार पारी खेली। उनकी इस पारी में **17 चौके और 5 छक्के** शामिल रहे। हालांकि उनकी यह शानदार बल्लेबाजी भारत को जीत नहीं दिला सकी और इंग्लैंड ने मुकाबला **27 रन** से जीतकर तीन मैचों की श्रृंखला **2-1** से अपने नाम कर ली।

श्रृंखला के शुरुआती दो मुकाबलों में रोहित शर्मा का प्रदर्शन अपेक्षाकृत साधारण रहा था। पहले मैच में उन्होंने **11 रन** और दूसरे मुकाबले में **26 रन** बनाए थे। ऐसे में तीसरे मैच की शतकीय पारी ने एक बार फिर साबित कर दिया कि वे अभी भी सीमित ओवरों के क्रिकेट में भारत के सबसे भरोसेमंद बल्लेबाजों में शामिल हैं।

रोहित शर्मा के भविष्य को लेकर उठ रही अटकलों पर भारतीय कप्तान **शुभमन गिल** ने भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि टीम के भीतर रोहित शर्मा के संन्यास को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई है। गिल ने कहा कि टीम में किसी भी खिलाड़ी को इस संबंध में कोई जानकारी नहीं दी गई है और जो भी बातें सामने आ रही हैं, वे केवल मीडिया रिपोर्ट्स तक सीमित हैं।

इससे पहले **BCCI सचिव देवजीत सैकिया** भी स्पष्ट कर चुके हैं कि रोहित शर्मा भारतीय टीम के लिए खेलना जारी रखेंगे और उनके संन्यास को लेकर चल रही खबरों में कोई सच्चाई नहीं है।

गौरतलब है कि रोहित शर्मा पहले ही **टी-20 अंतरराष्ट्रीय** और **टेस्ट क्रिकेट** से संन्यास ले चुके हैं। वर्तमान में वे केवल **वनडे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट** में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और उनका पूरा फोकस आगामी बड़े टूर्नामेंटों पर है।

इसी वर्ष फरवरी में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान रोहित शर्मा ने अपनी सबसे बड़ी क्रिकेटीय इच्छा का भी उल्लेख किया था। उन्होंने कहा था कि वे **2027 वनडे विश्व कप** जीतकर अपने करियर को यादगार बनाना चाहते हैं। उनका मानना है कि 50 ओवरों का विश्व कप क्रिकेट की सबसे प्रतिष्ठित प्रतियोगिता है और इसे जीतना हर खिलाड़ी का सपना होता है।

रोहित शर्मा के इस स्पष्ट बयान के बाद उनके संन्यास को लेकर चल रही सभी अटकलों पर फिलहाल विराम लग गया है। उनके प्रशंसकों के लिए यह राहत की खबर है कि भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज अभी भी देश के लिए खेलने और आगामी चुनौतियों का सामना करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। उनके अनुभव, नेतृत्व क्षमता और मैच जिताने वाली बल्लेबाजी आने वाले समय में भी भारतीय क्रिकेट के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.